फाइल संख्या: डी-24015/02/2015-सामान्य/580

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(सामान्य अनुभाग)

8वाँ तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोदी रोड,
नई दिल्ली-110003
दिनांक: 6 अगस्त, 2015

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय में वेबसाइट तथा अन्य दस्तावेजों का हिन्दी में अनुवाद करने के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने हेतू सूचना: दर संविदा (रेट कांट्रैक्ट)**

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 में वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद करने के लिए वार्षिक दर संविदा हेतू इच्छुक एवं पात्र अनुवादकों/एजेंसियों से दो बिड़ प्रणालियों (तकनीकी बिड़ एवं वित्तीय बिड़) के अंतर्गत मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

2. **कांट्रैक्ट की अनुमानित कीमत:** लगभग 5,00,000/- रूपये (केवल पाँच लाख रूपये)

3. **निविदा दस्तावेज की लागत:** 500/- रूपये (केवल पाँच सौ रूपये)

4. **कांट्रैक्ट की अवधि:**

   शुरू में एक वर्ष के लिए, जिसे एजेंसी के संतोषजनक कार्य-निष्पादन और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन उन्हीं नियमों एवं शर्तों पर आगे एक वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है।

5. **ईएमडी:** 25,000/- रूपये (केवल पच्चीस हजार रूपये)

6. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख: 28 अगस्त, 2015 को 1500 बजे तक

7. तकनीकी बिड़ खोलने की तारीख और समय: 28 अगस्त, 2015 को 1530 बजे

8. अन्य विवरणों तथा निविदा दस्तावेज की प्रति प्राप्त करने के लिए कृपया हमारी

वेबसाइट (http//www.mdws.gov.in) को देखें अथवा अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

(एस.सान्याल)
अवर सचिव, भारत सरकार
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी और से
दूरभाष: 24368612

प्रतिलिपि:

1. तकनीकी निदेशक (एनआईसी) को इस मंत्रालय की वेबसाइट पर निविदा प्रकाशित करने के लिए।
2. सीपीपी पोर्टल
3. सभी मंत्रालय/विभाग

**<u>पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय में वेबसाइट तथा अन्य दस्तावेजों का हिन्दी में अनुवाद करने के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने हेतू सूचना: दर संविदा (रेट कांट्रैक्ट)</u>**

**<u>निविदादाताओं के लिए निर्देश:</u>**

1. पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 में वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद करने के लिए अनुवाद सेवा प्रदाता एजेंसियों/अनुवादकों से इस निविदा सूचना के अनुसार दो बिड़ प्रणालियों (तकनीकी बिड़ एवं वित्तीय बिड़) के अंतर्गत मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। कांट्रेक्ट के दायित्वों की संतोषजनक पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अनुवाद सेवा प्रदाता के स्थानीय कार्यालय नई दिल्ली में होने चाहिएं:-

2. **<u>कार्य का कार्यक्षेत्र और कार्य का स्थान:</u>** एजेंसी को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों का हिन्दी में अनुवाद कार्य करना होगा।

3. **<u>कांट्रैक्ट की अनुमानित कीमत:</u>**

   लगभग 5,00,000/- रूपये (केवल पांच लाख रूपये)

4. **<u>कांट्रैक्ट की अवधि:</u>**

   शुरू में एक वर्ष के लिए, जिसे एजेंसी के संतोषजनक कार्य-निष्पादन और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन उन्हीं नियमों एवं शर्तों पर आगे एक वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है।

5. **<u>ईएमडी:</u>**

   25,000/- रूपये (केवल पच्चीस हजार रूपये)

6. **<u>निविदा दस्तावेज की लागत:</u>**

   500/- रूपये (केवल पांच सौ रूपये)

7. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख: 28 अगस्त, 2015 को 1500 बजे तक

8. तकनीकी बिड़ खोलने की तारीख और समय: 28 अगस्त, 2015 को 1530 बजे

9. निविदा श्री एस. सान्याल, अवर सचिव (प्रशासन), पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, (सामान्य अनुभाग), 8वाँ तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोदी रोड़, नई दिल्ली-110003 को प्रस्तुत करें।

10. एजेंसी का पिछले तीन वर्षों के दौरान न्यूनतम 05 लाख रूपये का वित्तीय टर्न-ओवर होना चाहिए।

11. निविदा को विचार हेतु स्वीकार करने के लिए पात्रता मानदंड निम्न प्रकार है:-

i. फर्म का नाम और पता साक्ष्य सहित
ii. फर्म का डाक का (पोस्टल) पता/दूरभाष/फैक्स/ई-मेल
iii. पंजीकरण/डीलरशिप प्रमाण-पत्र
iv. अन्य सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों आदि के साथ अनुवाद के लिए मौजूदा कांट्रैक्ट के लिए पंजीकरण के साक्ष्य की सत्यापित प्रति
v. पैन कार्ड की प्रमाणित प्रति
vi. बिक्री-कर/वैट पंजीकरण प्रमाणपत्र
vii. बैंक का नाम और खाता संख्या
viii. पिछले एक वर्ष का बैंक स्टेटमेंट पीएंडएल खाता संख्या सहित
ix. पिछले तीन वर्षों की आय-कर विवरणी की प्रति
x. अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद के क्षेत्र में नयूनतम दो वर्षों का अनुभव
xi. फर्म/एजेंसी का पिछले तीन वर्षों के दौरान न्यूनतम 05 लाख रूपये का वित्तीय टर्न-ओवर होना चाहिए।

12. निविदा दस्तावेजों को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की वेबसाइट (http://mdws.gov.in) से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दस्तावेजों की कीमत के लिए 500/- रूपये (केवल पांच सौ रूपये) की फीस तथा “वेतन एवं लेखा अधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, नई दिल्ली-110003” के पक्ष में आहरित एक अलग डिमांड ड्राफ्ट के रूप में 25,000/- रूपये (केवल पच्चीस हजार रूपये) की अग्रदाय जमा राशि (ईएमडी) संलग्न की जाए।

13. **<u>निविदा प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया:</u>**

वित्तीय बिड़ केवल उन्हीं निविदादाताओं की खोली जाएगी जो पात्रता मानदंडों को पूरा करेंगे और टीईसी के लिए विधिवत रूप से गठित समिति द्‌वारा तकनीकी बिड़ मूल्यांकन प्रक्रिया में सफल घोषित किया जाएगा।

(क) विधिवत रूप से हस्ताक्षरित तकनीकी बिड़ और ईएमडी को एक अलग कवर में रखा जाए और उसे लाख (वैक्स) से सील किया जएगा **(कवर-क)**। इस कवर पर निम्नलिखित लिखा जाए:

**<u>"वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों का हिन्दी में अनुवाद के लिए तकनीकी बिड़"</u>**

**(ख)** वित्तीय बिड़ को एक अन्य अलग कवर में रखा जाए और उसे लाख (वैक्स)
**(ग)** से सील किया जाए **(कवर-ख)**। इस कवर पर निम्नलिखित लिखा जाए:

**<u>"वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों का हिन्दी में अनुवाद के लिए वित्तीय बिड़"</u>**

तकनीकी बिड़ और वित्तीय बिड़ वाले दोनों लिफाफों को एक तीसरे लिफाफे **(कवर-ग)** में रखा जाए और विधिवत रूप से सील करके निम्नलिखित लिखा जाए:

**<u>"वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों का हिन्दी में अनुवाद के लिए निविदा"</u>**

14. निविदाएँ दिनांक 28 अगस्त, 2015 को 1500 बजे तक या उससे पहले पहुँच जानी चाहिएं। निविदाओं को उन सभी निविदादाताओं, जो उपस्थित रहना चाहें, की उपस्थिति में विधिवत रूप से प्राधिकृत अधिकारी/अधिकारियों के बोर्ड द्‌वारा दिनांक 28 अगस्त, 2015 को 1530 बजे खोला जाएगा। देर/विलंब से प्राप्त निविदाओं को किसी भी परिस्थिति में नहीं खोला जाएगा/विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय और तारीख तक प्राप्त हुई निविदाओं (केवल तकनीकी बिड़ के लिए) को सम्मेलन कक्ष, चौथा तल, पर्यावरण भवन, नई दिल्ली में दिनांक 28 अगस्त, 2015 को ही 1530 बजे खोला जाएगा। तकनीकी बिड़ खोलते समय दरें देने वाली एजेंसियों के प्राधिकृत प्रतिनिधि, यदि वे इच्छुक हों, उपस्थित रह सकते हैं। सफल एजेंसी/ निविदादाता, जिसे रेट कांट्रैक्ट दिया जाएगा, को उन्हें काम सौंपने के बाद, कांट्रैक्ट देने के 15 दिनों के भीतर डिमांड ड्राफ्ट अथवा किसी राष्ट्रीयकृत भारतीय बैंक से बैंक गारंटी के रूप में कांट्रैक्ट कीमत की 10 प्रतिशत राशि कार्य-निष्पादन सिक्योरिटी के

रूप में प्रस्तुत करनी होगी। इसकी वैधता फर्म के कांट्रैक्ट के दायित्वों के पूरा होने के 60 दिनों के बाद तक रहेगी।

15. **जुर्माने की शर्त:** निविदा प्रस्तुत करने के बाद पीछे हटने के मामले में ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा

i. विलंब/कार्य अथवा एसाइनमेंट के समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाने के मामले में, डीजीएसएंडडी मैन्युअल नीति एवं सामान खरीदने के लिए प्रक्रिया की एलडी/पेनल्टी धारा 8.14 के उपबंध के अनुसार एजेंसी से कांट्रैक्ट कीमत की 0.5 प्रतिशत प्रतिदिन की विलंब राशि जो कांट्रैक्ट कीमत की अधिकतम 10 प्रतिशत तक के अध्यधीन होगी, परिसमाप्ति (लिक्विडेटिड) प्रभार के रूप में जब्त की जाएगी।

ii. कांट्रैक्ट जारी करने के बाद, एजेंसी द्वारा कार्य निष्पादन में कमी के मामले में, मंत्रालय द्वारा जैसा उपयुक्त समझा जाए, एजेंसी को ब्लैक लिस्ट किए जाने सहित अन्य कार्यवाही के साथ गारंटी को जब्त किया जा सकता है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

# <u>नियम एवं शर्तें</u>

1. रेट कांट्रैक्ट, इसे अवार्ड करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा। इस निविदा जाँच के परिणामस्वरूप अवार्ड किया गया वार्षिक रेट कांट्रैक्ट स्थाई ऑफर की प्रकृति में होगा।

2. "**भ्रष्ट और कपटपूर्ण प्रथाएँ** - यदि इस मंत्रालय को यह निर्धारित करता है कि सूचीबद्ध करने के लिए अनुशंसित एजेंसी भ्रष्ट (जैसे कि-सरकारी अधिकारियों के कार्यों को प्रभावित करने के लिए मूल्य की कोई वस्तु ऑफर करना, देना, प्राप्त करना अथवा प्रलोभन देना) और कपटपूर्ण प्रथाओं (जैसे कि तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत करना जिसमें प्राधिकृत सेवा प्रदाताओं के मध्य साँठ-गाँठ शामिल है, ताकि मंत्रालय की हानि के लिए कांट्रैक्ट की सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके) में संलग्न है, तो मंत्रालय कार्यों को सौंपने की कार्यवाही को निलंबित कर सकता है और गैर-सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है।''

3. रेट कांट्रैक्ट के विरूद्ध कांट्रैक्ट/सेवा आदेशों से उत्पन्न कोई विवाद, यदि कोई हो, का न्यायिक निर्णय केवल दिल्ली के न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अध्यधीन होगा।

4. सौंपा गया अनुवाद कार्य किसी भी प्रकृति अर्थात तकनीकी/गैर-तकनीकी सामग्री, रिपोर्ट, भाषण आदि का हो सकता है।

5. सफल एजेंसी/निविदादाताओं को रेट कांट्रैक्ट दिए जाने के तत्काल बाद असफल निविदादाताओं को ईएमडी वापिस लौटा दी जाएगी। सफल एजेंसी/निविदादाता, जिसे रेट कांट्रैक्ट दिया जाएगा, को कांट्रैक्ट देने के 15 दिनों के भीतर डिमांड ड्राफ्ट अथवा किसी राष्ट्रीयकृत भारतीय बैंक से बैंक गारंटी के रूप में कांट्रैक्ट कीमत की 10 प्रतिशत राशि कार्य-निष्पादन सिक्योरिटी के रूप में प्रस्तुत करनी होगी।

6. फर्म/एजेंसी को उन्हें सौंपे गए विशिष्ट कार्य को इस मंत्रालय की संतुष्टि के अनुसार पूरा करने और बिलों को तीन प्रतियों में प्रस्तुत करने के बाद भुगतान किया जाएगा।

7. एजेंसी को अनुवाद कार्यों के लिए अपेक्षित सभी प्रकार के संसाधन/उपकरण/उपस्कर आदि का प्रबंध करना होगा। यह कार्यालय अपने किसी संसाधन/उपकरण/उपस्कर आदि को उपलब्ध नहीं कराएगा।

8. यदि फर्म/एजेंसी के अनुवाद कार्यों को ठीक स्तर का नहीं पाया जाता है अथवा अपूर्ण अनुवाद कार्य उपलब्ध कराया जाता है तो उसे सूचीबद्ध की गई सूची से हटाया जा सकता है। यदि रेट कांट्रैक्ट आदेशों से कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उस मामले को विभागाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। विभागाध्यक्ष के निर्णय के विरूद्ध संयुक्त सचिव (प्रशासन) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय को अपील की जा सकती है।

9. निविदा में अनुवाद के प्रभारों (अनुवाद, वैटिंग, टंकण तथा प्रूफ-रीडिंग प्रभार) का उल्लेख किया जाना चाहिए। सहमत हुए अनुवाद प्रभारों के अलावा किसी भी अन्य कार्यकलाप/संबंधित कार्य के लिए किसी भी प्रकार का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

10. इस मंत्रालय के पास निविदा दस्तावेजों में निहित नियम एवं शर्तों में से किसी भी नियम एवं शर्त को संशाधित करने/वापस लेने/छूट देने/परिवर्तन करने अथवा सभी आवेदनों (ऑफर) को बिना कोई नोटिस किए अथवा इस बारे में कोई कारण बताए बिना अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

11. इस मंत्रालय के पास किसी भी निविदा/सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

12. निविदाता द्वारा **निविदा के प्रत्येक पृष्ठ और इसके सभी अनुलग्नकों पर हस्ताक्षर किए जाएँ।** निविदा दस्तावेज से कोई भी पृष्ठ हटाया नहीं जाए/अलग नहीं किया जाए।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

<u>अनुलग्नक-I</u>

संख्या: डी-24015/02/2015-सामान्य

दिनांक: ------ अगस्त, 2015

**<u>विषय: पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय में वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों के हिन्दी में अनुवाद के लिए मूल्य बिड़ (प्राइस बिड़)</u>**

निविदादाता का नाम:

पता :

दूरभाष संख्या : मोबाइल संख्या:

| क्रम संख्या | कार्य का विवरण | इकाई | दर/राशि (रूपयों में, टैक्स को छोड़कर) | कर (टैक्स) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद | प्रति 500 शब्द | | |
| 2. | | प्रति 1000 शब्द | | |
| 3. | | प्रति 2000 शब्द | | |
| 4. | | प्रति 3000 शब्द | | |
| 5. | | प्रति 4000 शब्द | | |
| 6. | | प्रति 5000 शब्द | | |

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

अनुलग्नक-II
संख्या: डी-24015/02/2015-सामान्य,
दिनांक: ----- अगस्त, 2015

# घोषणा

प्रेषक:-

मै0 --------------------
-----------------------

----------------------

सेवा में,

अवर सचिव (प्रशासन)
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय,
अवर 8वाँ तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ का कॉम्पलैक्स, लोदी रोड,
नई दिल्ली–110003

प्रिय महोदय,

मैंने/हमने निविदा की विषय-वस्तु को पढ़ और समझ लिया है और मैं/हम इस निविदा के नियम एवं शर्तों को मानने के लिए सहमत हूँ/हैं।

2. मैं/हम यह पुष्टि भी करते हैं कि यदि मेरी/हमारी निविदा स्वीकार हो जाती है, तो मैं/हम अनुवाद के लिए सप्लाई आर्डर प्राप्त करने के लिए पूर्व-शर्त के रूप में आपके कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले प्रपत्र में, यथा लागू, बैंक गारंटी/कार्य-निष्पादन सिक्योरिटी प्रस्तुत करने का वचन देता हूँ/देते हैं।

3. मैं/हम यह भी वचन देता हूँ/देते हैं कि फर्म के किसी भी मालिक/साझेदार/निदेशक पर व्यवसाय करने के लिए सरकार ने कभी पाबंदी नहीं लगाई है/निलंबित नहीं किया है। मैं/हम पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, नई दिल्ली को यह वचन भी देते हैं

कि यदि आपके साथ कांट्रैक्ट की अवधि के दौरान भविष्य में फर्म के किसी मालिक/ साझेदार/निदेशक जो किसी अन्य फर्म में मालिक/साझेदार/निदेशक हैं और उस फर्म पर पाबंदी लगाई जाती है/निलंबित किया जाता है तो हमें सूचना मिलने के तत्काल बाद और किसी भी हालत में 15 से अनधिक दिनों के भीतर सूचित करेंगे।

भवदीय,

(निविदादाता के हस्ताक्षर)

नाम:-----------------------

पदनाम फर्म की मोहर के साथ

दिनांक: -------------------------

अनुलग्नक-III
संख्या: डी-24015/02/2015-सामान्य,
दिनांक: ------ अगस्त, 2015

**पिछले तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2012-13, 2013-14 और 2014-15 के लिए कार्य-निष्पादन विवरण**

फर्म का नाम ---------------------------------------------------

| कांट्रैक्ट संख्या | स्टोर्स का विवरण | मात्रा | कीमत | मूल सुपुर्दगी अवधि | मूल डीपी के भीतर सप्लाई की गई मात्रा | अंतिम सप्लाई की स्थिति | विलंब के लिए कारणों सहित वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

अनुलग्नक-IV

संख्या: डी-24015/02/2015-सामान्य,

दिनांक: ----- अगस्त, 2015

## निविदा फीस कूपन

निविदा संख्या: डी-24015/02/2015-सामान्य                    दिनांक: ----- अगस्त, 2015

दिनांक --------/--------/-2015 के पत्र संख्या के अनुरोध और -------------------------बैंक पर आहरित डिमांड ड्राफ्ट/पे-आर्डर/बैंकर्स चैक संख्या ---------------------------- दिनांक -----/-----/2015 द्वारा 500/- रूपये (केवल पांच सौ रूपये) के भुगतान पर मै0 --------------------------------------------------- को निविदा सैट संख्या ------ जारी किया गया।

निविदा दस्तावेज दिनांक ----------------- को जारी किया गया।